# रांची में हुई झमाझम बारिश
# 55.8 मिमी बरसात दर्ज



**रांची।** राजधानी रांची में मंगलवार को झमाझम बारिश हुई। इस दौरान 55.8 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। भारी बारिश से नदी और नाले उफान पर हो गईं। बारिश का पानी मुहल्लों में और लोगों के घरों में घुस गया। इससे आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बारिश का पानी रांची के हरमू के बुद्ध बिहार, यमुनानगर, पंडरा कृषि बाजार, कोकर, धुर्वा के सेक्टर टू स्थित बाजार सहित कई इलाकों में जमा हो गया। इससे आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि राज्य में मानसून के आगमन के बाद रांची सहित राज्य भर में अच्छी बारिश हो रही है। झारखंड में 17 जून को मॉनसून ने दस्तक दी है। वहीं, दूसरी ओर बारिश की वजह से कई इलाकों में घंटो बिजली नहीं रही ।इनमें कोकर, लालपुर, धुर्वा, हरमू, अशोक नगर, बरियातू सहित अन्य शामिल है।

## कई जिलों के लिए मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट

**रांची।** झारखंड के लगभग सभी जगहों पर बुधवार को हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होने की संभावना है। वहीं, मौसम वैज्ञानिक के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार झारखंड के कई जिलों में भारी बारिश, तेज हवा और वज्रपात अलर्ट जारी किया गया है। बुधवार को लातेहार, लोहरदगा, रांची, गुमला, खूंटी, वेस्ट सिंघभूम और सिमडेगा के लिए मौसम विभाग ने ओरेंज अलर्ट जारी किया है। लगातार 3 दिन से रांची में बारिश हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार मिली जानकारी के अनुसार मानसून के इस सीजन में अब तक रांची में सामान्य से 236 फीसदी से अधिक बारिश हो चुकी है. रांची में 1 जून से 24 जून तक 550.5 मिलीमीटर बारिश हुई है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि 17 से 19 जून तक हुए लगातार बारिश के कारण अब तक बारिश काफी

● अगले दो से तीन दिनों तक होती रहेगी बारिश

### रांची में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से रहा कम

मंगलवार को रांची का उच्चतम तापमान 31.7 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 0.7 डिग्री सेंटीग्रेड कम है। वहीं, न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.4 डिग्री सेल्सियस कम है। मंगलवार को बोकारो, गुमला, दुमका, हजारीबाग, रामगढ़, सिमडेगा और पश्चिम सिंहभूम में म्पुसम विभाग ने भारी बारिश को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया था।

---

नशे के विरुद्ध राज्यव्यापी जागरुकता अभियान पर कार्यक्रम

# नशा परिवार समाज और देश की प्रगति को भी बाधित करता है : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड सरकार के तत्वावधान में नशे के विरुद्ध राज्यव्यापी जागरुकता अभियान पर रांची जिले में मंगलवार को आर्यभट्ट सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं, छात्रों, शिक्षकों, और ग्रामीण समुदाय को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सामूहिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम में जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री एवं वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने नशे के खिलाफ सामाजिक जागरुकता की महत्ता पर बल दिया और समाज के सभी वर्गों से इस अभियान में सक्रिय योगदान देने की अपील की गई।

कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त सौरभ कुमार भुवानिया, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रवीण पुष्कर, अनुमंडल पदाधिकारी सदर उत्कर्ष कुमार, सिविल सर्जन सदर डॉ. प्रभात कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरभि सिंह, डीएसपी हेडेक्वार्टर -1 अमर कुमार पांडेय, जिला जन संपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय, जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज, सहायक प्रशासक रांची नगर निगम निकेश कुमार, जिला खेल पदाधिकारी शिवेंद्र सिंह, रिनपास के प्रतिनिधि, सीआईपी के प्रतिनिधि, एनसीबी झारखंड के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।



● डीसी ने उपस्थित लोगों को नशे के खिलाफ दिलाई शपथ

### रांची में नशामुक्त के लिए जागरुकता रैली निकाली गई

उपायुक्त ने नशे को सामाजिक बुराई के रूप में चिह्नित करते हुए इसके दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नष्ट करता है, बल्कि परिवार, समाज और देश की प्रगति को भी बाधित करता है। हमारा लक्ष्य है कि राँची जिला के प्रत्येक नागरिक, विशेषकर युवा, नशे के खतरे से अवगत हो और एक स्वस्थ, सशक्त और जागरूक समाज का निर्माण करे। उपायुक्त ने नशे की लत से मुक्ति के लिए चलाए जा रहे विभिन्न सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा संचालित नशामुक्ति केंद्रों, परामर्श सेवाओं और सामुदायिक जागरुकता कार्यक्रमों के बारे में बताया। साथ ही, उन्होंने स्कूलों और कॉलेजों में नशे के खिलाफ जागरुकता फैलाने के लिए विशेष अभियानों की शुरुआत की घोषणा की। कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली छात्रों, युवाओं और सामाजिक संगठनों के सहयोग से एक विशाल जागरुकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें नशे के खिलाफ नारे और संदेश प्रदर्शित किए गए। कार्यक्रम में रांची विश्वविद्यालय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के लगभग 400 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

---

रांची विश्वविद्यालय के नए प्रभारी कुलपति डॉ डीके सिंह ने कहा

## छात्रों और शिक्षकों के लिए मेरा दरवाजा हमेशा खुला रहेगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नीलांबर- पीतांबर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ डीके सिंह ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण मिला है। पदभार ग्रहण करते ही डॉ डीके सिंह ने स्पष्ट कर दिया कि रांची विश्वविद्यालय में सत्र व्यवस्थित करना उनकी प्राथमिकता होगी। राष्ट्रीय नवीन मेल से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि वह हर कॉलेज में जाकर विद्यार्थियों से बातचीत करेंगे और उनकी समस्याएं समझेंगे ताकि उनका समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए मेरे दरवाजे हमेशा खुले हैं। कोई भी, कभी भी, किसी भी समस्या को लेकर मुझसे मिल सकता है। बातचीत करके उनकी परेशानियों का समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा अभी भी वह दो से तीन घंटे मॉनिटरिंग कर रहे हैं।



● विद्यार्थियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे

### रांची और नीलांबर-पीतांबर विवि के बीच बना कर चलेंगे संतुलन

डॉ सिंह ने कहा कि वह रांची विश्वविद्यालय और नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय में संतुलन बनाए रखेंगे सप्ताह के 3 दिन नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय और 3 दिन रांची विश्वविद्यालय में काम करेंगे। इससे दोनों विश्वविद्यालयों के कामकाज में कोई रुकावट नहीं आएगी और संतुलन भी बना रहेगा। वहीं छात्र संघ चुनाव पर कहा कि इस विषय में छात्र संगठनों से बातचीत की जाएगी।

---

## 159 वां श्री सुंदरकांड व श्री हनुमान चालीसा का हुआ पाठ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 159 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। मोहनलाल खंडेलवाल ममता देवी खंडेलवाल ने परिवार के साथ बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। मोहनलाल खंडेलवाल ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत, ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया।

---

## माड़वाड़ी + 2 उच्च विद्यालय के विद्यार्थियो के बीच पौधे का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची नगर निगम ने अपर बाजार स्थित माड़वाड़ी + 2 उच्च विद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियो के बीच 100 फलदार पौधों का वितरण किया गया। साथ ही साथ रिलेशनस कि ओर से मिशन लाईफ के तहत पर्यावरण संरक्षण पर सेमिनार भी आयोजित किया गया। जिसमें सैकड़ों छात्र- छात्राओं को संस्था कि ओर से पर्यावरण संबंधित कई महत्त्वपूर्ण जानकारियां भी दी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रांची नगर निगम के उप प्रशासक गौतम कुमार साहू, सौरभ केशरी सहायक अभियंता स्कूल के प्राचार्य आशीष कुमार, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, समाजसेवी दीपक दुबे, समेत कई लोग उपस्थित थे।इस अवसर पर मुख्य रूप से रांची नगर निगम के सुपरवाइजर हॉटी कल्चर राज कुमार,सुधाकर यादव, रौशन कुमार,के अलावे स्कूल के वरीय शिक्षक परितोष चौधरी,स्वाति भारती समेत कई लोग उपस्थित थे।

---




## पार्किंग की समस्या से जूझ रहा रांची कचहरी परिसर

# आसपास है अवैध अतिक्रमण





कचहरी परिसर में अवैध नर्सरी को हटाए बिना पार्किंग की समस्या का समाधान नहीं

नवीन मेल संवाददाता। रांची
राजधानी रांची की हृदय स्थली कचहरी परिसर में पुराने कचहरी के बाहर सड़कों पर दर्जनों वाहन लगे रहते हैं। जहां नोट बदली, टाइपिस्ट, अस्थाई स्टूडियो के दुकान लगाए गए हैं। वहीं सड़क पर ही नर्सरी में पौधा बेचा जाता है। अगर इन दुकानदारों को हटाया गया तो सड़क पर पार्किंग बंद हो जाएगी। वहीं यातायात व्यवस्था भी सुगम हो जाएगी। वहीं दुकानदारों का कहना है कि यहां लंबे समय से दुकान लगा रहे हैं। अगर हटा दिया गया तो रोजी-राटी की समस्या उत्पन्न हो जाएगी।



## भाजपा इटकी मंडल ने प्रखंड मुख्यालय में किया धरना प्रदर्शन



इटकी। प्रदेश भाजपा द्वारा घोषित प्रखंड स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन कार्यक्रम के तहत मंगलवार को भाजपा इटकी मंडल ने इटकी प्रखंड मुख्यालय में जोरदार धरना प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में भाजपा नेता रामनारायण भगत ने झारखंड सरकार पर भ्रष्टाचार, बदहाल कानून व्यवस्था, बिजली-पानी की लचर स्थिति, अवैध बालू, पत्थर और कोयला के कारोबार तथा बेरोजगारी के मुद्दे को लेकर कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार पूरी तरह निकम्मी साबित हुई है। प्रखंड अंचल में बिना घूस के कोई काम नहीं होता, भूमाफियाओं का दबदबा है, महंगाई और भ्रष्टाचार चरम पर है। बालू की कीमत आसमान छू रही है। आम जनता परेशान हाल में है। यदि सरकार ने समय रहते सुधार नहीं किया तो भाजपा सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी और हेमंत सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने की काम करेगी। युवाओं को नौकरी के लिए भटकना पड़ रहा है, वृद्धा पेंशन और मईया सम्मान योजना का लाभ चुनिंदा लोगों को दिया जा रहा है। जाति और आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने में विद्यार्थियों को अंचल कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। इससे पूर्व दर्जनों कार्यकर्ता साहेब मोड़ से पद यात्रा कर सरकार विरोधी नारेबाजी के साथ प्रखंड मुख्यालय पहुंचे और धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद एक प्रतिनिधि मंडल ने बीडीओ प्रवीण कुमार को मांग पत्र सौंपा। मौके पर मंडल अध्यक्ष राजेश्वर महतो, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार तिर्की, कृष्णा राम तिवारी, मोहित गोप,पवन गोप, संजय महतो, शशि तिर्की सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### रांची जिला के सभी अंचलों में जनता दरबार का आयोजन

## सीओ ने सुनी लोगों की समस्याएं कई मामलों का हुआ ऑन स्पॉट निष्पादन

नवीन मेल संवाददाता। रांची





उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देशानुसार लगातार रांची जिला के सभी अंचल में हर मंगलवार जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। आज भी विभिन्न अंचलों में संबंधित अंचल अधिकारी जनता की समस्याओं से अवगत हुए। अंचल कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में अंचल अधिकारियों द्वारा लोगों की समस्याएं सुनी गयी। जनता दरबार में भूमि बंटवारा, अतिक्रमण, दाखिल-खारिज, भूमि निबंधन, जमीन मापी, आवास योजना, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा, नल-जल योजना, आंगनबाड़ी सहित लोगों की अन्य समस्याएं सामने आयी। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निदेशानुसार सभी सीओ ने जनता की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना। इस दौरान कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी किया गया एवं शेष मामलों को शीघ्र कारवाई हेतु अग्रसारित किया गया। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने निर्देश पर आयोजित जनता दरबार में अंचल निरीक्षक और राजस्व कर्मचारी भी उपस्थित रहे। उपायुक्त द्वारा राजस्व से संबंधित शिकायतों की अद्यतन जानकारी और त्वरित निष्पादन के लिए सीआई एवं कर्मचारी को जनता दरबार में उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया था।

## रॉयल रिलैक्स स्पा सेंटर में हुई तोड़फोड़, मामला पहुंचा थाने

**रामगढ़।** रामगढ़ शहर के पटेल चौक पर स्थित रॉयल रिलैक्स स्पा सेंटर में तोड़फोड़ की घटना घटी है। मंगलवार को यह मामला इतना बढ़ गया कि पुलिस को हस्तक्षेप करना पड़ा। स्पा सेंटर की लड़कियां थाने पहुंची और उन्होंने नशे में धुत्त होकर एक युवक पर तोड़फोड़ करने धमकाने का आरोप लगाया। केंद्र के संचालक अरगड्डा कॉलोनी निवासी अब्दुल तारिक ने बताया कि धनबाद निवासी मो मुस्तकीम सोमवार की मध्य रात्रि अचानक उसके सेंटर में आ धमका।
उसने पहले तो दरवाजे को पीटा और फिर पत्थर से सीसीटीवी कैमरे को तोड़ दिया। यहां तक कि लड़कियों के साथ भी उसने बदसलूकी करने का प्रयास किया। इस मामले में लड़कियों ने ही थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

## चान्हो के शिवांश शिवा ने राइफल शूटिंग में दिखाई प्रतिभा



**रांची।** खेलगांव शूटिंग रेंज स्टेडियम में आयोजित झारखंड ओपन एयर रायफल चैंपियनशिप में चान्हो के गुटुवा निवासी शिवांश शिवा ने अंडर 16 वर्ग में चौथा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र की उपस्थिति दर्ज कराई। शिवांश शिवा जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी के पुत्र हैं, जो खुद भी राइफल शूटिंग के शौकीन रहे हैं। शिवांश शिवा की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है। उनकी मेहनत और लगन ने उन्हें इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करने में मदद की। शिवांश शिवा की इस सफलता से उनके परिवार और क्षेत्र के लोगों में गर्व की भावना है। शिवांश शिवा के पिता आशुतोष तिवारी ने अपने बेटे की उपलब्धि पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा कि शिवांश शिवा की मेहनत और प्रतिभा ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। आशुतोष तिवारी ने अपने बेटे को आगे भी खेलों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रोत्साहित करने का वादा किया है।

## किसानों के बीच मडुवा और मक्का बीज निःशुल्क वितरण

**खूंटी।** कृषि तकनीकी सूचना केंद्र की ओर से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के तहत मंगलवार को मडुवा और मक्का का बीज वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख छोट राय मुंडा और प्रखंड उप प्रमुख शांति देवी ने बीजों का वितरण किया। राष्ट्रीय खाद सुरक्षा मिशन योजना में किसानों को प्रत्यक्षण के लिए शत प्रतिशत अनुदान पर बीज दिया जाता है। किसानों को बीच ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी के माध्यम से दिया जाता है। प्रखंड तकनीकी प्रबंधक नम्रता कुमारी ने बताया कि 30 किसानों को मडुवा बीज तथा पांच किसानों को मक्का बीज दिये गये।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा का हल्ला बोल

## कांके प्रखंड कार्यालय में किया धरना प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता। पिठौरिया



झारखंड सरकार के कार्यकाल में कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार,गिरती कानून व्यवस्था व आमजन की समस्याओं को लेकर भाजपा कांके प्रखंड के द्वारा मंगलवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया गया.राज्य सभा सांसद आदित्य साहू,कांके मंडल अध्यक्ष प्रभात भूषण,पिठौरिया अध्याक्ष गोपाल महतो व मेसरा अध्यक्ष महानंद महतो के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया.आदित्य साहू ने कहा कांके के सरकारी कार्यालयों सहित प्रखंड व अंचल में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार चरम पर है.कहा सीओ द्वारा भोली भाली जनता से दाखिल खारिज,पंजी 2 में सुधार आदि के नाम पर पैसे का लूट मचा रखा है.वहीं कार्यकर्ताओं ने अचल में प्रतिनियुक्ति में आये राजस्व उपनीरिक्षक दुर्गेश मुंडा को अविलंब हटाने की मांग की.कार्यकर्ताओं ने कहा कि दुर्गेश को तीन हल्का का कार्यभार दिया गया है.लेकिन वह ना तो कार्यालय आते है और ना ही किसी का फोन उठाते है.डीसी के आदेश के बाद भी दलाल अंचल व प्रखंड कार्यालय में पूरी तरह हावी है.बिना पैसे का काम नहीं होता है.धरना के पश्चात उपायुक्त के नाम 14 सूत्री मांगों को लेकर बीडीओ सह प्रभारी सीओ विजय कुमार को ज्ञापन सौंपा.आदित्य साहू ने बीडीओ सह सीओ के चैंबर में आकर किसी भी कार्य को बिना घूस लिये करने की चेतावनी दी.मौके पर नसीब लाल महतो,पुरुषोतम दास गोस्वामी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय में शिक्षकों की कमी हो रही है दूर : सविता



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय सहित विभिन्न विद्यालयों में मंगलवार को शिक्षक अभिभावक गोष्ठी (पीटीएम) का आयोजन किया गया। राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग में प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार राय की अध्यक्षता एवं संचालन में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया।इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि मुखिया सविता उरांव ने कहा कि राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग उत्तरोत्तर विकास कर रहा है। समय के साथ शिक्षकों की कमी की समस्या धीरे-धीरे समाप्त हो रही है। लेकिन अब अभिभावकों की जिम्मेवारी बढ़ गई है। अभिभावक अपने बच्चों पर जितना अधिक ध्यान देंगे बच्चे उतनी ही मेहनत करेंगे और अच्छे अंको से पास कर विद्यालय और समाज सहित परिवार का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि पीटीएम में सभी अभिभावकों की उपस्थिति अनिवार्य है। वहीं प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार राय ने कहा कि विद्यालय में एनसीसी की सीटें बढ़ा दी गई है। अब पहले से दोगुना छात्र-छात्राओं को एनसीसी में नामांकन कराने का मौका मिलेगा।

## खलारी में भाजपा का जोरदार प्रदर्शन सरकार को दी चेतावनी

**खलारी।** झारखंड में बिगड़ती कानून-व्यवस्था, व्यापक भ्रष्टाचार और जनकल्याणकारी योजनाओं की विफलता के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी खलारी मंडल ने मंगलवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर आयोजित इस आक्रोश प्रदर्शन का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार गंझू ने किया, वहीं मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश मंत्री मनोज वाजपेयी व कार्यक्रम प्रभारी प्रीतम साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

**प्रतियोगिता** शिक्षा के साथ-साथ जीवन में खेल भी महत्वपूर्ण

# बच्चे खेल को भी बना सकते हैं करियर : जन्मेजय पाठक

- उच्च विद्यालय सरसा ने राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग को 3-0 से पराजित कर प्रखंड का चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया

नवीन मेल संवाददाता। लापुंग



शिक्षा के साथ-साथ जीवन में खेल भी महत्वपूर्ण है। स्कूली बच्चे खेल को भी बना सकते हैं कैरियर, खेल में बड़ी संभावनाएं हैं। उक्त बातें लापुंग प्रखंड के स्टेडियम में प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप मुखर्जी स्कूली फुटबॉल प्रतियोगिता व लिटिल चैम्प प्रतियोगिता के समापन समारोह के दौरान बतौर मुख्य अतिथि शिक्षा प्रतिनिधि जन्मेंजय पाठक ने कही। प्रखंड स्तरीय सुब्रतो कप मुखर्जी स्कूली फुटबॉल प्रतियोगिता व लिटिल चैम्प प्रतियोगिता के बालक वर्ग में पीएम श्री विद्यालय राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा ने राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग को 3-0 से पराजित कर प्रखंड का चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। लापुंग प्लस टू उच्च विद्यालय को उपविजेता घोषित किया गया। वहीं बालिका वर्ग में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने दमदार प्रदर्शन करते हुए सरसा हाई स्कूल की टीम को 4-0 से पराजित कर बालिका वर्ग में चैंपियन बनने का गौरव प्राप्त किया। वहीं अंडर 15 बालक वर्ग में पीएम श्री विद्यालय राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय सरसा की टीम ने लतरातु को पराजित कर विजयी रही जबकि लिटिल चैम्प प्रतियोगिता के फाइनल में अंडर 12 बालक वर्ग में सरसा चैंपियन रही। जबकि अंडर 12 बालिका वर्ग में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लतरातु की टीम चैंपियन रहीं। इसके पूर्व प्रतियोगिता का उद्‌घाटन फूटबॉल में किक मारकर प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव ने उद्‌घाटन किया। वहीं समापन समारोह के दौरान सरकार के शिक्षा प्रतिनिधि जन्मेंजय पाठक बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने स्थानीय मुखिया सविता उरांव के साथ मिलकर विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन और देखरेख बीपीओ लीलावती तिर्की, प्रधानाध्यापक सीआरपी मंटु कुमार साहु, खेल शिक्षक आनंद मिर्धा, रंजीत प्रकाश होरो, राकेश रौशन तिग्गा, मो समीउल्लाह हक, संजय कुमार महतो, अजय कुमार साहु, डीडीओ शिव प्रसाद महतो सहित दर्जनों शिक्षक शिक्षिकाओं और स्थानीय खेल प्रशिक्षकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन, मझगांव सहित कई प्रखंडों में सौंपा गया ज्ञापन

**पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिम सिंहभूम जिला में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी ने राज्य सरकार की नीतियों और प्रशासनिक विफलताओं के विरोध में सोमवार को राज्यव्यापी प्रखंड स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन किया। इसी क्रम में मझगांव विधानसभा क्षेत्र के मझगांव, कुमारडुंगी, मंझारी और तांतनगर प्रखंडों में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने सड़कों पर उतरकर विरोध जताया और प्रखंड कार्यालयों के समक्ष धरना देते हुए जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान भाजपा नेताओं ने राज्य की हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला। पूर्व मंत्री और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बड़कुंवर गागराई ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है, कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है, बिजली-पानी जैसी बुनियादी सेवाएं बदहाल हैं, अवैध खनन और बेरोजगारी की समस्या दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है।

## न्यूज बॉक्स

### चान्हो में आम महोत्सव सह बागवानी मेला




चान्हो। प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को आम महोत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। मेला में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के बिरसा हरित ग्राम योजना के लाभुकों द्वारा आम के विभिन्न वेराइटी की प्रदर्शनी लगाई गई थी। उत्कृष्ट उत्पाद के लिए बेयासी पंचायत के इमरान अंसारी व अरशद अंसारी ने पहला व दूसरा तथा तरंगा पंचायत के इन्द्रभूषण भगत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में इनके अलावा अन्य लाभुकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संचालन प्रखंड कृषि पदाधिकारी उपेंद्र कुमार सिंह ने किया। मौके पर बीडीओ बरुन कुमार, सीओ संजीव कुमार, बीपीओ गुंजन कुमार, मुखिया भोला उरांव, एई रोहित कुमार, जेई नंदन प्रसाद, विवेक कुमार, रामप्रसाद उरांव, सबेतुन खातुन, रोजगार सेवक यूसुफ अंसारी, विशेश्वर शाही, अशोक गोप, अजय मिश्रा, प्रशांत कुमार, बंधु मुंडा, कपिलदेव मुंडा, भीमशेष सिंह, अवधेश सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### चान्हो में अंडर 17 बालिका वर्ग सुब्रतो कप कस्तूरबा व सोंस ने जीता खिताब



**चान्हो।** सोंस स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय परिसर में सोमवार को अंडर 17 बालिका वर्ग सुब्रतो कप व फर्स्ट स्कूल लिटिल चैंप फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंडर 17 बालिका वर्ग सुब्रतो फुटबॉल प्रतियोगिता में आठ टीमों ने हिस्सा लिया था। प्रतियोगिता का फाइनल मैच कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय चान्हो एवं प्रोजेक्ट प्लस टू उच्च विद्यालय टांगर के बीच खेला गया। जिसमें कस्तूरबा गांधी बालिका उच्च विद्यालय ने टांगर को 2-0 से पराजित कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया। इधर फर्स्ट लिटिल चैंप फुटबॉल प्रतियोगिता में 6 विद्यालयों के अंडर 12 के बच्चों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में सोंस ने मध्य विद्यालय चोड़ा को टाईब्रेकर में पराजित किया और जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया। प्रतियोगिता के विजेता व उपविजेता टीम को बीपीओ मो इम्तियाज व निर्मल बड़ाइक ने शील्ड मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

### स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे रामनारायण बाबू : राणा राहुल प्रताप



**रांची।** बाबू रामनारायण सिंह व्यक्ति नहीं एक विचारधारा के प्रतिमान थे। देश सेवा के लिए उन्होंने अपना सारा जीवन समर्पित कर दिया। स्वतंत्रता संग्राम के महानायक के रूप में उनका जीवन इतिहास के पन्नों में दर्ज है। उक्त बातें युवा अधिवक्ता राणा राहुल प्रताप ने मंगलवार को रामनारायण बाबू की 61वीं पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहीं। रामनगर स्थित उनके पैतृक आवास पर आयोजित एक सादे समारोह में अनुपम कुमार सिंह ने कहा कि डॉ राजेंद्र प्रसाद के परम मित्रों में वे एक थे और राजनीतिक संत के रूप में उनकी चर्चा आज भी होती है। राजीव रंजन ने कहा कि वह सरलता और सादगी के प्रतिमूर्ति थे। मौके पर डॉक्टर प्रमोद कुमार, राजीव रंजन,सुनील गुप्ता, निशिकांत पाठक, श्रीमती रीना समेत कई प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से चालक घायल



**अड़की।** मंगलवार शाम अड़की कोरवा सड़क पर हुडुआ के तीखी ढलान होने के कारण एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें चालक रामकिशन मुंडा दब गए। हादसे के वक्त एसएसबी के उप-कमांडेंट अजय यादव, निरीक्षण छेत्र निरीक्षण में निकले थे उनके द्वारा ट्रैक्टर के नीचे फंसे रामकिशन मुंडा को जवानों के मदद से बाहर निकला गया और उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए अड़की के नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां से उन्हें बेहतर इलाज हेतु खूंटी सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया बताया जा रहा हैं ।

### चान्हो के बेयासी गांव में आम बागवानी से बदल रही है किसानों की किस्मत



**चान्हो।** प्रखंड के बेयासी पंचायत में आम की खेती से किसानों की किस्मत बदल रही है। किसान न केवल अपने खेतों में आम के पेड़ लगाकर अपनी आय बढ़ा रहे हैं। बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। जानकारी के अनुसार वर्तमान में इस पंचायत में करीब 30 एकड़ से अधिक जमीन में आम की बागवानी लगी हुई है। बेयासी गांव में समाजसेवी 77 वर्षीय रुस्तम अंसारी की तीन एकड़ जमीन में आम की बागवानी लगी हुई है। उनका कहना है कि उन्होंने 15 साल पहले आम बागवानी की शुरआत की थी। अब आम की बागवानी से उन्हें हर साल अच्छी कमाई हो जाती है। पिछले कुछ साल से वह लगातार अपनी बागवानी से आम बेचकर डेढ़ से दो लाख की कमाई हो रही है। उनकी बागवानी में इस साल भी आम की फसल अच्छी हुई है। आम की बागवानी को लेकर उन्हें प्रखंड कार्यालय की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया है। रुस्तम अंसारी के अनुसार आम के पेड़ के नीचे बहुफसलीय खेती भी होती है।

### भाजपाइयों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रखंड मुख्यालय में किया आक्रोश प्रदर्शन

# विकास पदाधिकारी रोशमा डुंगडुंग को सौंपा ज्ञापन

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड मुख्यालय बरकट्ठा में मंगलवार को भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रखंड स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन आयोजित किया गया। प्रदर्शन प्रभारी गणेश यादव नेतृत्व में इसे किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और सरकार विरोधी नारे लगाए। प्रदर्शन के बाद भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशमा डुंगडुंग को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। हत्या, लूट, बलात्कार जैसी घटनाएं आम हो गई है, जिससे महिलाएं और बेटियां खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। ज्ञापन में एलपीसी (भूमि पर्चा) बनाने की प्रक्रिया में फैले घूसखोरी की भी कड़ी आलोचना की गई। कहा गया कि बिना बिचौलियों के कार्य नहीं हो रहे और गरीबों से जबरन पैसे



वसूले जा रहे हैं। राशन वितरण में व्यापक गड़बड़ियां हैं और लाभुकों को समय पर अनाज नहीं मिल रहा। वृद्धा पेंशन योजना और मइया सम्मान योजना का लाभ हजारों पात्र लाभुकों तक नहीं पहुंच पा रहा है। भाजपा ने यह भी आरोप लगाया कि बेरोजगारी चरम पर है और उपलब्ध नौकरियां भी पैसे लेकर बेची जा रही हैं। जल जीवन मिशन में भारी भ्रष्टाचार हुआ है और करोड़ों रुपये के घोटाले सामने आए हैं। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र सुधारात्मक कदम नहीं उठाए, तो भाजपा जन आंदोलन को और तेज करेगी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष परमेश्वर साहू, भोला प्रसाद, टूकलाल नायक, रीतलाल प्रसाद, महामंत्री इंद्रदेव यादव, अनिल आजाद, शंकर साव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में दरोगा हुए घायल

**रामगढ़** । रामगढ़ थाना क्षेत्र के चुट्टूपालू घाटी में रविवार को एक अनियंत्रित कार स. जेएच 01 एफडी 8780 ने घाटी में गश्ती कर रहे पुलिस वाहन को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर में गश्ती दल के सब इंस्पेक्टर मंटू कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस दल में शामिल अन्य पुलिसकर्मियों ने उन्हें तत्काल सदस्य अस्पताल पहुंचाया। उनके पूरे चेहरे पर गहरे जख्म को देखते हुए टांका लगाया गया है। बताया जा रहा है कार का टायर फट जाने से कार अनियंत्रित होकर पुलिस की गश्ती गाड़ी को पीछे से टक्कर मार दी थी।

### स्कूल में निबंध लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**केदला।** डीएवी पब्लिक स्कूल केदला में मंगलवार को निबंध लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता खान सुरक्षा जागरुकता अभियान के तहत केदला उत्खनन परियोजना की ओर से कोयला खदान में सुरक्षा विषय पर आयोजित की गई। जिसमें केदला डीएवी स्कूल के कक्षा 6 से 10 वीं तक के 60 बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में खान सुरक्षा संबंधी फीचरस पर आधारित पेंटिंग, स्लोगन, निबंध आदि इवेंट को शामिल किया गया था। प्रतियोगता के लिए प्रतिभागियों को एक घंटे का समय दिया गया। कार्यक्रम में परियोजना पदाधिकारी आरके सिंह, मैनेजर मनीष कुमार, सेफ्टी ऑफिसर स्वेताभ कुमार, ब्लास्टिंग ऑफिसर श्रीकांत कुमार सिंह, ओवरमैन आनंद कुमार मुख्य रुप से शामिल हुए।

### उपायुक्त को जनता दरबार में एक दर्जन फरियादियों ने किया आवेदन

# समस्याओं के समाधान का अधिकारियों को दिए गए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

समाहरणालय सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजनों की समस्याएं सुनीं तथा उनके शीघ्र समाधान के लिए सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर लगभग एक दर्जन फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर उपायुक्त के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किए। प्रस्तुत समस्याओं में भूमि पर अवैध अतिक्रमण, भूमि



पर्चा (एलपीसी) निर्गत करना, भूमि हड़पने, रोजगार, भू-मुआवजा, रसीद निर्गत करना, मारपीट, गाली-गलौज जैसी शिकायतें शामिल रहीं। उपायुक्त ने इस समस्याओं को सुनने के बाद फरियादियों को आश्वसन दिया की इस समस्याओं को शीघ्र ही समाधान किया जाएगा। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया की सभी समस्याओं को देखते हुए शीघ्र निष्पादित करने का प्रयास करें। जनता की समस्याओं को दूर करना ही हमारी पहली प्राथमिकता है।

### दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी से मिले



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह जिला कांग्रेस मीडिया चेयरमैन सुधीर मंगलेश ने रामगढ़/हजारीबाग के भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी अनूप कुमार से मिलकर पिछले वर्ष की योजनाओं और आगामी योजनाओं को लेकर विशेष चर्चा की। बैठक में दुलमी प्रखंड में भूमि संरक्षण एवं जल संसाधनों के समुचित उपयोग से संबंधित मुद्दों और योजनाओं का गहन अवलोकन किया गया। साथ ही, किसानों एवं ग्रामीणों के हित में भूमि संरक्षण एवं जल संचयन योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। सुधीर मंगलेश ने जोर दिया कि भूमि संरक्षण और जल संचयन योजनाएँ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में सहायक होंगी और किसानों की आय में वृद्धि करेंगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भूमि संरक्षण विभाग के समन्वय से दुलमी प्रखंड में योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया जाएगा। मंगलेश ने बताया की भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी अनूप कुमार ने भी विभागीय योजनाओं और प्रक्रियाओं को लेकर विस्तृत जानकारी साझा की और दुलमी प्रखंड में चल रहे कार्यों को और गति देने का आश्वासन दिया।

### भाजपा कैंट मंडल और ग्रामीण मंडल ने रामगढ़ प्रखंड कार्यालय के समक्ष किया जनाआक्रोश प्रदर्शन



**रामगढ़।** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल एवं ग्रामीण मंडल द्वारा मंगलवार को रामगढ़ प्रखंड कार्यालय के समक्ष जनाआक्रोश प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा कैंट मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव एवं ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संजय साव ने किया। सूर्यवंश श्रीवास्तव ने कहा कि राज्य में राजनीति का गिरता स्तर चरमसीमा पर पहुंच गया है। उसी को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद , कार्यक्रम प्रभारी जिला उपाध्यक्ष राजू कुशवाहा उपस्थित थे। मुख्य अतिथि राकेश प्रसाद ने कहा की राज्य में बलात्कार ,चोरी ,डकैती ,खनिज पदार्थ का दोहन किया जा रहा है। कहा कि हम इस जनआक्रोश प्रदर्शन के माध्यम से राज्य की विधि व्यवस्था में सुधार की मांग करते हैं। कहा कि राज्य में विधि व्यवस्था ध्वस्त है। भ्रष्टाचार, लूट, हत्या और बलात्कार की घटनाएं बढ़ रही हैं। सरकारी अस्पतालों में लोगों को सुविधा नही मिल रही है। कहा कि राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार के कारण सड़क, बिजली, पानी और प्रधानमंत्री आवास का काम ठप हो गया है। प्रमाण पत्र बनाने में लोगों को परेशानी हो रही है। कार्यक्रम के उपरांत पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने इस संबंध में एक ज्ञापन प्रखंड विकास पदाधिकारी को सौंपा। कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रणंजय कुमार कुंटू बाबू, शिवकुमार महतो, संजय अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# जर्जर मकान में रह रहे तीन परिवारों को पंचायत भवन में कराया जाएगा शिफ्ट

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

रसोईयाधमना पंचायत में छत गिरने से दंपति की मौत के बाद प्रखंड प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय हो चुका है. बीडीओ जयपाल महतो ने तत्काल पत्र जारी कर प्रखंड के सभी मुखिया व पंचायत सचिव को उनके पंचायत में जर्जर मकान में रहने वाले परिवार की सूची उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया है. उक्त निर्देश के आलोक में कोनरा पंचायत सचिव ललिता कुमारी ने पंचायत सचिवालय में उपमुखिया, वार्ड सदस्य, बीएलओ और कुछ ग्रामीण के साथ महत्वपूर्ण बैठक किया. साथ हीं बीडीओ के पत्र के आलोक में गंभीरता से विचार विमर्श किए गए. विचारोपरांत



पंचायत सचिव की अगुवाई में उप मुखिया गजाला प्रवीण, वार्ड सदस्य सागर, बिरेंद्र, स्वयं सेवक पिंटू, समाजसेवी मो इजहार आदि ने पंचायत के विभिन्न स्थल का सर्वे किया. इस दौरान शादी मुहल्ला के नौशाद अंसारी पिता मो यासिन, अमीना खातून पति मो अज़ीम और थाना मुहल्ला के रेहान के घर जर्जर स्थिति में पाया गया. घर के प्लास्टर और कंक्रीट झड़ रहे हैं और पानी

- **घर जर्जर स्थिति में पाया गया. घर के प्लास्टर और कंक्रीट झड़ रहे हैं और पानी का रिसाव हो रहा है**

का रिसाव हो रहा है. जिन्हे सुरक्षा के लिहाज से तत्काल पंचायत भवन या सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दिया गया है. पंचायत सेविका ने बताया कि इनलोगों का प्रधान मंत्री आवास के लिए सर्वे किया जा चुका है. सूची में नाम नीचे होने के कारण अबुआ आवास निर्गत नही हो सका है. इन तीनों के अलावा मो, तबारक हुसैन पिता लाटो मियां, शाहजहां बेगम पति सहजाद अंसारी आदि के मकानों को भी चिन्हित किया गया है.

### अबुवा आवास का पैसा निकाल कर घर जा रहे दंपति से 45 हजार की छिनतई

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र के मगनपुर में सोमवार को अबुआ आवास योजना का पैसा निकालकर घर जा रहे एक दंपति से 45 हजार रुपये की लूट हो गई। दंपति बैंक से पैसे निकालकर साइकिल से लौट रहे थे। इसी दौरान बाइक पर सवार दो अज्ञात अपराधियों ने पैसे छीन कर पेटरवार की ओर फरार हो गए। चोकाद पंचायत के सुदूरवर्ती उपरखखरा गांव निवासी मुनूवा मांझी व उसकी पत्नी शीतली देवी बैंक ऑफ़ इंडिया मगनपुर शाखा से अबुवा आवास का पैसा निकाल कर सोमवार दोपहर तीन बजे के करीब दोनों पति-पत्नी साइकिल से अपने घर जा रहे थे। इस दौरान पूर्व से घात लगाए बाइक सवार दो उच्चकों ने चक्रवाली गांव के पास पैसे से भरे झोला को छिनकर पेटरवार की ओर भाग गए।

### अलिज़ा को राज्यस्तरीय स्केटिंग चैंपियनशिप प्रतियोगिता में मिला रजत पदक

# बहुमुखी शिक्षा व चहुंमुखी विकास ही विद्यालय प्रबंधन का मुख्य उद्देश्य : प्रबंधक

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

पदमा प्रखंड की रहने वाली श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के नर्सरी की छात्रा अलिज़ा ने राज्यस्तरीय स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप 2025 प्रतियोगिता में रजत पदक के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया है. केरेडारी कोल माइंस प्रोजेक्ट द्वारा प्रायोजित इस प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न जिलों के सैकड़ों प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था. जिसमें बतौर मुख्यातिथि राज्य के खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू शामिल हुए थे. उक्त जानकारी श्रीदस के प्राचार्य के. कुमार व प्रबंधक विकास कुमार ने संयुक्त रूप से दी. प्राचार्य ने बताया कि अलिशा लगनशील व मेहनती



छात्रा है. जिसका बचपन से ही स्केटिंग में रुचि थी और घर में इसका प्रयास करती थी. इसका उसे प्रतियोगिता में लाभ मिला. प्रबंधक श्री सिंह ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए बहुमुखी शिक्षा व चहुंमुखी विकास हीं विद्यालय प्रबंधन का मुख्य उद्देश्य है. जिसका सकारात्मक परिणाम भी मिल रहे है. विद्यालय के विद्यार्थियों ने राज्य व देश स्तर पर पदक प्राप्त कर विद्यालय सहित राज्य का नाम रौशन किया है. अलीशा का रजत पदक हम सबों के लिए गौरव और अन्य बच्चो के लिए प्रेरणा का विषय है. इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए विद्यालय प्रबंधन सहित शिक्षकों ने विजेता छात्रा को हार्दिक बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है.

### लाभुकों के बीच बकरा और बकरियों का किया गया वितरण

**गिद्दी।** डाड़ी प्रखंड के विभिन्न पंचातयों में रविवार को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत 14 लाभुकों के बीच पंचायत प्रतिनिधियों ने एक बकरा और चार बकरियों का वितरण किया। पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुनीता कुलू और महेश कुमार ने बताया कि डाड़ी प्रखंड की रबोध पंचायत के एक, होन्हेमोढ़ा पंचायत के चार, टोंगी पंचायत के चार और मिश्राइनमोढ़ा पंचायत में पांच लाभुकों को रोजगार सृजन के लिए सब्सिडी पर पशुधन दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सभी बकरियों व बकरा का बीमा है। एक साल के अंदर पशुधन की क्षति होती है, तो उन्हें बीमा की ओर से क्षतिपूर्ति दिया जायेगा। इस अवसर पर डाड़ी प्रमुख दीपा देवी, मुखिया दासो मरांडी, झारखंड पशु विकास फर्म के सुनील महतो, महेंद्र ओहदार सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### प्रखंस्तरीय संगठनात्मक मजूबुती को लेकर कांग्रेस गंभीर, पदाधिकारियों का मनोनयन



**बरही** । प्रखंड स्तरीय संगठनात्मक विकास को लेकर कांग्रेस पार्टी बरही में एक बार फिर से गंभीर हुई है. इसी उद्देश्य से विगत विस के पूर्व प्रत्याशी अरुण साहू के आवास पर सोमवार को पार्टी ने एक महत्वपूर्ण बैठक किया. जिसमे पार्टी के सुदृढ़ीकरण व संगठनात्मक विकास पर गंभीरता से मनन हुआ. बैठक में हीं नवचयनित प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र भी दिया गया. बैठक पूर्व प्रत्याशी श्री साहू की अध्यक्षता में हुई जिसका संचालन प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने किया. पत्र का वितरण बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड प्रभारी प्रकाश कुमार व विशिष्ट अतिथि जिला उपाध्यक्ष डॉ. निजामुद्दीन अंसारी ने संयुक्त रूप से किया. अतिथियों ने उपस्थित कार्यकर्ताओं व नवमनोनित पदाधिकारियों से प्रखंड स्तर पर जिम्मेवारी सौपते हुए पार्टी के सांगठनिक विकास व मजबूती पर कार्य करने की बात कही. पूर्व प्रत्याशी श्री साहू ने सभी नव मनोनित साथियों का कांग्रेस परिवार में नई जिम्मेवारी मिलने पर बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी. उन्होंने कहा कि यह संगठन आपका है, आपकी ताक़त से ही पार्टी मज़बूत होगी और जनसेवा की यह यात्रा बरही विस के गांव- गांव तक पहुँचेगी. उन्होंने सबों से मिलकर बरही को संगठनात्मक दृष्टि से एक मॉडल प्रखंड बनाने में अपनी महत्ती भूमिका निभाने की अपील किया. कार्यक्रम में संतोष रजवार, रिजवान अली, राजू मेहता, सन्नी कुमार आदि सहित कई लोग मौजूद थे.

### ग्रामीणों में खुशी | विधायक की पहल पर ग्रामीणों को मिला 100 केवी का ट्रांसफार्मर

# अंधेरे में रहने को विवश थे ग्रामीण, विधुत सेवा बहाल



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखण्ड के क्षेत्र कपका पंचायत अंतर्गत ग्राम बसरिया के हरैया टांड़ में बीते दिन ट्रांसफार्मर जल जाने से लोग अंधेरे में रहने को विवश थे । जिसकी सूचना ग्रामीणों ने विधायक अमित कुमार यादव को दी । सूचना मिलते ही विधायक ने बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों से बात कर ग्रामीणों को 100 केवी का ट्रांसफार्मर मुहैया कराया । तत्पश्चात मंगलवार को हरैया टांड़ में विधुत सेवा बहाल हो गई। विधायक की इस नेक पहल के बाद ग्रामीण अर्जुन प्रसाद ने बताया कि विगत पांच दिन पूर्व ट्रांसफार्मर जल जाने से हमलोग बरसात की इस घनघोर अंधेरे में रहने को विवश थे। बताया कि बिजली सेवा उपलब्ध नहीं होने से बच्चों की पढ़ाई लिखाई भी काफी बाधित हो रही थी । ट्रांसफार्मर मिलने के बाद ग्रामीणों में हर्ष का माहौल है। वहीं मौके पर उपस्थित ग्रामीण प्रदीप मंडल , कुलदीप प्रसाद, वार्ड सदस्य सुनिल कुमार, सुभाष प्रसाद, शंकर पाण्डेय, बासुदेव प्रसाद, तुलसी प्रसाद, झब्बु राणा , खुबलाल प्रसाद, विरेन्द्र कुमार, पवन पांडेय, किशोर कुमार, कारू प्रसाद समेत अन्य लोगों ने विधायक की इस नेक पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

### स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ कार्यशाला का आयोजन

रामगढ़। उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में मंगलवार को स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 अन्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 पर आधारित्त जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। इस दौरान कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ सुरेंद्र कुमार दिनकर द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी एसएसजी -2025 का आयोजन जल शक्ति मंत्रालय, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग भारत सरकार के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें ग्राम स्तर पर स्वतंत्र एजेंसी एकेडमी ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज के द्वारा सर्वे किया जायेगा। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एवं अन्य विभाग के द्वारा ग्राम स्तर पर साफ-सफाई, स्वच्छता एवं ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के तहत किये गये कार्यों तथा उसका उपयोग का अवलोकन किया जायेगा। एसएसजी -2025 के तहत चयनित स्वतंत्र एजेंसी के द्वारा सर्वेक्षण का कार्य 01 जुलाई 2025 से अगस्त-2025 तक किया जाना है। उपायुक्त द्वारा सभी संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया कि एसएसजी -2025 के3 सर्वे टीम आने से पूर्व मोबाइल ऐप के द्वारा फीडबैक एवं अन्य सभी आवश्यक तैयारी करना सुनिश्चित करेंगें।

## न्यूज बॉक्स

### पुलिस ने टाटा मैजिक वाहन से तीन गौवंशी पशु किए जब्त, दो तस्करों को भेजा जेल



**बरकट्ठा।** गोरहर थाना पुलिस ने पशु तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए तीन पशुओं से लदे एक टाटा मैजिक वाहन को जब्त किया है। इस दौरान दो तस्करों को मौके पर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मो0 जाहीद शेख पिता–मो0 शब्बीर शेख, निवासी छेरडाडीह (काकोमट्ठ), थाना–कतरास, जिला–धनबाद तथा मो0 नईम अंसारी पिता–मो0 नासिरुद्दीन अंसारी, निवासी–छाताबाद (कैलूडीह), थाना–कतरास, जिला–धनबाद के रूप में की गई। तत्पश्चात दोनों को न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने वाहन मालिक पंकज लाल यादव के विरुद्ध भी प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। इस संबंध में गोरहर थाना कांड संख्या 30/25 के तहत मामला दर्ज किया गया तथा झारखंड पशु क्रूरता वध निषेध अधिनियम 2005 की धारा 12 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

### गोरहर में 100 लाभुकों के बीच आयुष्मान व रोजगार कार्ड का किया गया वितरण



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा प्रखंड के पंचायत गोरहर में धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान द्वार मंगलवार दोपहर 2 बजे कार्यक्रम का उद्घाटन गोरहर मुखिया प्रेमिका कुमारी के द्वारा किया गया। साथ ही 100 लाभुको के बीच आयुष्मान आरोग्य शिविर ,राशन कार्ड और रोज़गार कार्ड के तहत 04 लाभुको को स्वीकृति पत्र दिया गया। इस दौरान 2 सखी मंडल के बीच प्रमाण पत्र दिया गया। साथ ही खाद्य एवम आपूर्ति विभाग के द्वारा सोना सोबरन योजना के तहत किया गया।वहीं कल्याण विभाग की ओर से 164 विद्यार्थियों के बीच बाल विकास प्रमाण पत्र भरे गए। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रोशमा डुंगडुंग, मुखिया प्रतिनिधि छोटन कॉल,डा0 कुंजलाल महतो, उपमुखिया शीला देवी,अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद महेता, 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप कुमार, अरूण कुमार, बैजनाथ महतो, भीमसेन महतो,पंसस लखन महतो, सुनीत देवी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने डाड़ी प्रखंड कार्यालय समक्ष प्रदर्शन किया

**गिद्दी।** भाजपा डाड़ी प्रखंड कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को प्रखंड कार्यालय समक्ष राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसके बाद सभा का आयोजन किया गया। सभा के समाप्ति पर जिला उपायुक्त के नाम प्रखंड विकास पदाधिकारी को मांग पत्र सौपा। सभा को मांडू विधानसभा सांसद प्रतिनिधि पुरुषोत्तम पांडेय, जिला प्रभारी मुरारी सिंह, प्रखंड अध्यक्ष बसंत प्रजापति, करुण सिंह, वकील महतो, हुकुम नाथ महतो, राजू रंजन तिवारी, महिला नेत्री रीमा देवी, गुंजन साव ने संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए भाजपा नेताओं ने कहा हेमंत सोरेन की सरकार भ्रष्टाचार के आकंठ में पूरी तरह सरकार डूबी हुई है और प्रदेश को गर्त में मिलने का काम कर रही है। इसलिए ऐसी भ्रष्ट सरकार को हमें जनता के सामने बेनकाब कर उखाड़ फेंकना है। इस अवसर पर गिरजा सिंह, बृज किशोर पाठक, चंदन सिंह, ठाकुरदास महतो, दीपक झा, रॉकी सिंह, नारायण महतो ,राजदीप प्रसाद, सतीश सिंह, उमेश प्रकाश सिंह, गणेश साहू, मनोज रेल, श्याम सुंदर पांडे, मुन्ना शर्मा, जगदीश प्रसाद ,गोपी कृष्ण शर्मा, दिनेश यादव, सांवरमल शर्मा, खेमलाल यादव, अनिल कुमाररवि, कार्तिक महतो, रंजीत यादव, छोटेलाल बेदिया ,नीतू देवी जसो देवी, चिंता देवी, दीपमाला देवी, रूबी देवी, सरस्वती देवी, फुल्को देवी, चिंता देवी, शांति देवी, सुनीता कुमारी, सोनिया कुमारी, मंजू देवी, गीत देवी आदि उपस्थित थे।

### सीसीएल सीकेएस कल्याण बोर्ड समिति सदस्यों ने किया निरीक्षण

**गिद्दी।** भारतीय मज़दूर संघ संबद्ध सीसीएल सीकेएस के कल्याण बोर्ड समिति सदस्यों ने मंगलवार को अरगड्डा क्षेत्र का दौरा किया। दौरा करने में कल्याण बोर्ड समिति सदस्य रामेश्वर मंडल, अनूप कुमार सिंह, मुकेश कुमार शामिल थे। कल्याण बोर्ड समिति सदस्यों ने सामुदायिक भवन, गिद्दी ए मेन गेट गगन दीप कौर, दिगवंती देवी के घर में बरसात का पानी घुसने की समस्या और गिद्दी हॉस्पिटल, गिद्दी वर्क शॉप कैंटीन, रेस्ट सेल्टर, गिद्दी सी में रेस्ट सेल्टर कैंटीन, सामुदायिक भवन, डिस्पेंसरी आदि का निरीक्षण किया। इसके बाद क्षेत्र के जीएम के साथ वार्ता कर उक्त समस्याओं के बारे में बताया। जिसपर जीएम ने समस्या के निराकरण करने का आश्वासन दिया। निरीक्षण दल में एसओपी मो फैजुल हक, एसओसी गौरव तिवारी, यासिर एनूल, मनीष अंबष्ट, यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष रंधीर सिंह, क्षेत्रीय सचिव मधुसूदन सिंह, वेलफेयर बोर्ड सदस्य विश्वनाथ सिंह, उपाध्यक्ष मदन कुमार, संजय सिंह, सूरज गोस्वामी, रविंद्र पंडित, सुनील कुमार, चंद्रशेखर सिंह आदि शामिल थे।

### केदला नगर में 10-12 दिन पर मिल रहा एक घंटा पानी

**केदला।** केदला नगर वासियों को इस बरसात में भी 10-12 दिन पर मात्र एक घंटा सीसीएल प्रबंधन की ओर से पानी दिया जा रहा है। जिसके कारण नगर के बीस नंबर कॉलोनी, 14 नंबर कॉलोनी, फोरमैन कॉलोनी, होस्पिटल कॉलोनी, नया कॉलोनी, संतोषी चौक, खटाल सहित अन्य हजारों घरों में पानी के लिए त्राहीमाम मचा हुआ है। कॉलोनी के नंदु कुमार, संजय रजक, अजय कुमार, मन्नु कुमार, तपेश उपाध्याय, राज कुमार, लक्ष्मण कुमार, शालिनी देवी, बेबी देवी, गुड़िया देवी, राधा देवी, कृष्णा यादव सहित अन्य लोगों ने बताया कि क्या गर्मी क्या बरसात यहां रहने वाले लोग पानी के लिए तड़पते रहते हैं। हालात यह है कि 10-12 दिनों पर कॉलोनी और उसके आस-पास गुजर बसर करने वाले लोगों को पानी दिया जा रहा है। कई लोग बोतल का पानी खरीद कर किसी तरह घर का काम कर रहे हैं। बताते चलें की केदला नगर में अभी तक सरकार की महत्वकांक्षी योजना हर घर नल जल योजना का शुरुआत नहीं हुआ है। मोटर-पंप खराब रहने के कारण पानी की हो रही है समस्याः इस संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया की केदला नगर पानी टंकी में छह नंबर बंद खदान में लगे दो मोटर पंप के माध्यम से पानी आता था। दोनों मोटर चालू रहने पर 4-5 दिन में कॉलोनी के लोगों को पानी मिल जाता था। लेकिन काफी दिनों से एक मोटर पंप खराब है और एक ही पंप से पानी आ रहा है। प्रबंधन के उदासीनता के कारण मोटर-पंप की समस्या यहां बनी हुई है।

# खिलाड़ियों को कम भोजन देने का मामला गरमाया, जांच के आदेश

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** खेल की नगरी सिमडेगा में प्रशिक्षित हो रहे खिलाड़ी बच्चों को तय मीनू से कम भोजन दिए जाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। यह गंभीर मामला आज लोक लेखा समिति के समक्ष पहुंचा, जहां इसे लेकर गहन चर्चा हुई और तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए।बताया जा रहा है कि सिमडेगा जिले के कल्याण विभाग द्वारा संचालित तीन हॉस्टलों में रहने वाले खिलाड़ियों को निर्धारित मीनू के अनुसार पर्याप्त और पौष्टिक भोजन नहीं दिया जा रहा है। यह बात एक दैनिक अखबार की रिपोर्ट के माध्यम से उजागर हुई।मामले की जानकारी मिलते ही आदिवासी कांग्रेस नेता दिलीप तिर्की ने सिमडेगा दौरे पर आए लोक लेखा समिति के सभापति मनोज कुमार यादव से मुलाकात की और इस मुद्दे को गंभीरता से उठाते हुए कार्रवाई की मांग की।सभापति मनोज कुमार यादव ने इसे अत्यंत संवेदनशील मुद्दा मानते हुए सिमडेगा उपायुक्त से तत्काल बात की और पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।सभापति ने कहा, "सिमडेगा के बच्चे राज्य और देश के लिए खेलों में गौरव बढ़ा रहे हैं। अगर उन्हें पौष्टिक और पर्याप्त भोजन नहीं मिलेगा, तो वे आधे पेट खाकर कैसे अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे?"उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और यदि दोष सिद्ध होते हैं तो संबंधित अधिकारियों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।यह मामला सामने आने के बाद खेल प्रेमियों और अभिभावकों में भी गहरी नाराजगी देखी जा रही है।



● दिलीप तिर्की ने उठाई आवाज : आदिवासी कांग्रेस नेता दिलीप तिर्की ने लोक लेखा समिति को जानकारी दी और सख्त कदम उठाने की मांग की

● लोक लेखा समिति की बैठक में उठा मामला : समिति के सभापति मनोज कुमार यादव ने इसे गंभीर बताते हुए तत्काल जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए

● उपायुक्त से सीधे संपर्क : सभापति ने सिमडेगा उपायुक्त से बात कर दोषियों पर कार्रवाई का निर्देश दिया

## सिमडेगा में लोक लेखा समिति की बैठक

# योजनाओं की समीक्षा और समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा में झारखंड विधानसभा की लोक लेखा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक सर्किट हाउस में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति विधायक मनोज कुमार यादव ने की। बैठक में समिति के अन्य सदस्य विधायक जगत मांझी, विधायक अमीत यादव और विधायक सुखराम उरांव भी उपस्थित रहे। इस बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की गहन समीक्षा की गई और उनके क्रियान्वयन की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई।बैठक के दौरान सभापति मनोज कुमार यादव ने स्पष्ट रूप से कहा कि वित्तीय मामलों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता के पैसे का सदुपयोग हो और योजनाएं समयबद्ध तरीके से पूरी हों। उन्होंने कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य सरकारी धन का सही और पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित करना है तथा इस दिशा में कोई भी कोताही स्वीकार्य नहीं होगी।

बैठक में झारखंड विधानसभा सचिवालय की ओर से अपर सचिव और प्रशाखा पदाधिकारी ने सहयोग किया। इस महत्वपूर्ण बैठक में सिमडेगा जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित रहे। इनमें उपायुक्त कंचन सिंह, पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी, वन प्रमंडल पदाधिकारी शांशक शेखर, उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी, अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, आईटीडीए निदेशक सरोज तिर्की, जिला पंचायत राज पदाधिकारी दयानंद कार्जी, एलआरडीसी अरुणा कुमारी समेत जिले के सभी विभागों के जिला पदाधिकारी उपस्थित थे।बैठक में लोक लेखा समिति ने सभी विभागों को अपनी योजनाओं के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि जनता के पैसों की बर्बादी किसी भी सूरत में नहीं होने दी जाएगी।



● झारखंड विधानसभा की लोक लेखा समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

### लोक लेखा समिति ने योजनाओं की समीक्षा कर दिए निर्देश

लोक लेखा समिति द्वारा ग्रामीण विकास विभाग, वन विभाग, कृषि विभाग, भवन निर्माण विभाग, कल्याण विभाग, पंचायती राज विभाग, पथ निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, जल संसाधन विभाग एवं वन पट्टा वितरण से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की गई। विशेष रूप से समिति ने कृषि विभाग द्वारा बिना मृदा जांच के डोलोमाइट वितरण, भवन निर्माण विभाग के तहत अनुमंडल पदाधिकारी एवं कार्यपालक अभियंता के आवास निर्माण, कल्याण विभाग की बकरी वितरण योजना, पंचायती राज विभाग के पंचायत भवन निर्माण, पथ निर्माण विभाग में भूमि अधिग्रहण मुआवजा भुगतान, स्वास्थ्य विभाग से 2013 से अब तक की शिशु जन्म-मृत्यु दर की अद्यतन जानकारी और वन पट्टा वितरण की स्थिति पर गंभीर चर्चा की।इसके अलावा, समिति ने एजी (महालेखाकार) द्वारा लगाए गए ऑ जेक्शन की भी विस्तार से समीक्षा की और सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि वे त्वरित रूप से मामलों का निपटारा कर विस्तृत अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं।



# युवा कांग्रेस संगठन चुनाव के प्रभारी ने कुरडेग में की बैठक

**एजेंसी। कुरडेग**

झारखण्ड युवा कांग्रेस संगठन चुनाव के सिमडेगा चुनाव प्रभारी विशाल यादव मंगलवार को कुरडेग में युवा कांग्रेसी कार्यकत्ताओं के साथ बैठक की । इस दौरान उन्होंने कार्यकत्ताओं को संबोधित करते हुए पूरे चुनावी प्रकरण को समझाया और युवाओं से इस चुनाव में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने को कहा युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह ने कहा कि युवा कांग्रेस विश्व का सबसे बड़ा युवा संगठन है जो मध्यम वर्गीय परिवार के युवाओं को राजनीति में आने का मौका देती है और इसका जीता जागता उदाहरण हैं माननीय सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा जिन्होंने युवा कांग्रेस में विधानसभा अध्यक्ष पद पर काम किया और कोलेबिरा के माननीय विधायक नमन विक्सल कोंगाड़ी जिन्होंने युवा जिलाध्यक्ष के पद पर काम किया। इसलिए अधिक से अधिक युवा इस चुनाव का हिस्सा बनें ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से युवा प्रखंड अध्यक्ष गुलशन एक्का, विधायक प्रतिनिधि गुड्डू खान, मंडल अध्यक्ष प्रवीण खेस्स, युवा जिला सचिव दुर्गेश पासी, सुरेश दास, बिलाल अंसारी, सोभराज तिर्की, प्रभात किंडो, संजय एक्का, अजलम अंसारी, बेर्नादित किंडो, आकाश किंडो आदि लोग उपस्थित रहे ।

## माटीगढ़ा हत्याकांड: एक नाबालिग निरुद्ध दूसरा आरोपी फरार

**कोलेबिराः** थाना क्षेत्र के माटीगढ़ा में पिछले 29 अप्रैल को कुआ में मिले व्यक्ति के शव मामले में पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए एक नाबालिक को निरूद्ध किया है इस संबंध में मंगलवार को सिमडेगा एसपी एम अर्शी के द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि अलबुनूस केरकेट्टा नामक व्यक्ति का हत्या करने के बाद शव को पत्थर बांधकर एडेगा खेल मैदान के पास स्थित कुआं में फेंक दिया गया था। इस संबंध में मामला दर्ज करते हुए छानबीन की गई थी और इसी मामले में अज्ञात अपराध कर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था तथा पिता के लिखित शिकायत के आधार पर इस मामले में पुलिस ने एक नाबालिक को निरूद्ध किया तथा दूसरे आरोपी की तलाश कर रही है।

## अंधविश्वास बना जानलेवा, सांप काटने पर झाड़-फूंक में गंवाई जान

**नवीन मेल संवाददाता**

● आधुनिक चिकित्सा से हुई अनदेखी की घातक कीमत

**सिमडेगा।** जिले में एक बार फिर अंधविश्वास के चलते एक व्यक्ति को अपनी जान गंवानी पड़ी। मामला केरसई थाना क्षेत्र अंतर्गत बासेन गुझरिया गांव का है, जहां बीती रात एक विषैले सांप ने 45 वर्षीय नान मेहर को डंस लिया।घटना के बाद परिजनों ने समय रहते अस्पताल ले जाने की बजाय झाड़-फूंक का सहारा लिया। जानकारी के अनुसार, सांप काटने के बाद नान मेहर को किसी ओझा के पास ले जाया गया, जहां काफी देर तक झाड़फूंक की जाती रही। जब उसकी हालत और बिगड़ने लगी और कोई सुधार नहीं हुआ, तब परिजन उसे आनन-फानन में सिमडेगा सदर अस्पताल लेकर पहुंचे अस्पताल में चिकित्सकों ने इलाज शुरू किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इलाज के क्रम में ही नान मेहर की मौत हो गई।मृतक की पत्नी बिंदु देवी ने बताया कि गांव में सांप काटने पर पहले झाड़-फूंक का ही सहारा लिया जाता है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि अगर समय पर अस्पताल लाया गया होता, तो शायद उनकी जान बच सकती थी। यह घटना एक बार फिर यह दर्शाती है कि आज के आधुनिक युग में भी ग्रामीण क्षेत्रों में अंधविश्वास और झाड़-फूंक जैसी परंपराएं लोगों की जान पर भारी पड़ रही हैं। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस में मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया।

# गोसनर स्कूल में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत छात्रों को यातायात नियमों की शिक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिला परिवहन पदाधिकारी सिमडेगा के निर्देश पर गोसनर स्कूल सिमडेगा एवं उच्च विद्यालय खूंटीटोली में छात्रों के बीच यातायात नियमो के प्रति जागरूक करने को लेकर सड़क-सुरक्षा के टीम के द्वारा रोड सेफ्टी काउंसलिंग किया गया।इस दौरान छात्रों को यातायात नियमो एवं वाहन चलाते समय हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षित उपकरणों के इस्तेमाल से कैसे सड़क पर होने वाले दुर्घटनाओं को कम किया जा सकता है। अपनी यातायात का उपयोग कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। सड़क पर वाहन चालको को मोबाइल का उपयोग पूरी तरह वर्जित है। यातायात कर रहे अन्य व्यक्तियों के जान की रक्षा की जा सकती है। इसके साथ हिट एंड रन एवं गुड समरिटन के बारे मे बताया गया। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा टीम के द्वारा सड़क सुरक्षा संबंधित पुस्तिका एवम पैंपलेट सभी छात्र एवम छात्राओ को बांटा गया। किसी भी व्यक्ति के सड़क दुर्घटना के क्रम में घायल व्यक्ति को एक घंटा के अंदर (गोल्डन ऑवर में) अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को पांच हजार रुपए तक की पुरस्कार राशि एवं प्रशस्ति पत्र दिये जाने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावे दुर्घटना से पीड़ित व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले अस्पताल में अपना नाम दर्ज कराएं ताकि चिकित्सक प्रमाणित कर सकें कि घायल व्यक्ति को किसने मदद की है। उस मददकर्ता को गुड सेमेरिटन के तहत 2,000 रु एवं प्रशस्ति पत्र दी जा सके। साथ ही सड़क हादसों में मृत्यु दर को कम करने के उदेश्य से लोगों को इस संशोधित अधिनियम की ज्यादा से ज्यादा जानकारी प्रदान की जा सके। लोग एक दूसरे को इसके प्रति जागरूक कर सके एवं इसके साथ साथ हिट एंड रन के बारे में बिस्तार पूर्वक बताया गया। किसी अज्ञात वाहन से दुर्घटना घटित होने पर 2,00000(दो लाख ) एवं गंभीर रूप से घायल होने पर 50,000 (पचास हजार) का प्रावधान है। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से सड़क सुरक्षा प्रबंधक अजीत कुमार रवि एवं आईटी सहायक नितेश कुमार मौजूद शामिल थे।




## पुलिसकर्मी को 'टर्नआउट ऑफ द वीक' सम्मान से नवाजा गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** पुलिस व्यवस्था को सुदृढ़ और प्रेरणादायक बनाने की दिशा में एक नई पहल की गई है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी के नेतृत्व में 'टर्नआउट ऑफ द वीक' कार्यक्रम के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मी को सम्मानित किया गया।मंगलवार को सिमडेगा के झूलन सिंह चौक पर ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात आरक्षी गोविंद सिंह अखोरी को पुलिस अधीक्षक ने स्वयं प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया। यह सम्मान पुलिस विभाग में अनुशासन, वर्दी पहनावे और कार्य निष्पादन के आधार पर प्रदान किया जाता है।इस मौके पर एसपी एम. अर्शी ने कहा कि आरक्षी गोविंद सिंह का कार्य एवं वर्दी में उनकी सजीव उपस्थिति अन्य पुलिसकर्मियों के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने बताया कि इस सम्मान के तहत चयनित पुलिसकर्मी की तस्वीर पूरे सप्ताह जिले के सभी थानों के सूचना पट्ट पर लगाई जाएगी ताकि अन्य जवान भी प्रेरित होकर अपनी ड्यूटी को और बेहतर तरीके से निभाएं।एसपी ने यह भी कहा कि पुलिस विभाग के कार्यों में गुणवत्ता लाने और कर्मियों को प्रोत्साहित करने के लिए यह पहल की गई है, जिससे जिले में पुलिसिंग की दिशा और दशा दोनों में सकारात्मक परिवर्तन आ सके।

## मड़ुआ बीज वितरण से किसानों को वैज्ञानिक खेती की प्रेरणा

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रखंड अंतर्गत एटिक सेंटर में मंगलवार को मड़ुआ बीज वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी, बीटीएम सुनील समद, एटीएम ओबैदुल्लाह एहरार एवं स्थानीय मुखिया लोरेंस बागे की उपस्थिति रही।इस अवसर पर 20 किसानों के बीच मड़ुआ के प्रमाणित बीजों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को मड़ुआ उत्पादन हेतु प्रेरित करना और उन्हें वैज्ञानिक पद्धति से खेती के लिए जागरूक करना था।बीज वितरण के दौरान एटीएम ओबैदुल्लाह एहरार ने उपस्थित किसानों को मड़ुआ की खेती से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने बताया कि मड़ुआ की बुवाई का उपयुक्त समय 15 जून से 15 जुलाई तक होता है। मानसून की स्थिति को देखते हुए इसकी सीधी बुवाई जून के मध्य से जुलाई तक की जा सकती है।उन्होंने कहा कि मड़ुआ झारखंड जैसे राज्यों के लिए खरीफ मौसम की एक प्रमुख फसल है। धान के बाद यह दूसरी सबसे महत्वपूर्ण फसल मानी जाती है। यदि इसकी खेती वैज्ञानिक पद्धति से की जाए तो प्रति हेक्टेयर 15 से 20 क्विंटल तक उपज ली जा सकती है।

**उत्कर्ष कार्यक्रम** पाकरटांड़ प्रखंड के कैरबेड़ा पंचायत में "धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष कार्यक्रम

# जनजातीय उत्थान के लिए कैरबेड़ा में उत्कर्ष आयोजन

● बिरहोर जनजाति के सर्वांगीण विकास एवं सरकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाकरटांड़।** पाकरटांड़ प्रखंड के कैरबेड़ा पंचायत में धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष कार्यक्रम" का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं भगवान बिरसा मुंडा को माल्यार्पण कर प्रारंभ किया गया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से पंचायत में निवासरत जनजातीय समुदाय, विशेषकर बिरहोर जनजाति के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर प्रत्येक पंचायत में संचालित किया जा रहा है ।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। इस दौरान कार्यक्रम स्थल पर जनजातीय संस्कृति की छटा देखते ही बन रही थी।इस आयोजन में जेएसएलपीएस की महिला स्वयं सहायता समूहों की दीदियों का सक्रिय और अहम योगदान रहा। इस पंचायत में कुल 28 बिरहोर परिवार, जो इस पंचायत में निवासरत हैं, उनके बीच परिसंपत्तियों का वितरण सुनिश्चित करने तथा उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु रजिस्ट्रेशन किया गया। इसमें विशेष रूप से कृषि उपकरण, पशुपालन संसाधन, पोषण किट और स्वरोजगार से जुड़ी योजनाएं शामिल हैं।इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, स्वच्छता एवं आजीविका जैसे विभिन्न विषयों पर जागरूकता सत्र भी आयोजित किए गए। ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और मौके पर ही आवेदन भी लिए गए।कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों, स्थानीय ग्रामीणों, सरकारी कर्मियों और जेएसएलपीएस की टीम की सहभागिता उल्लेखनीय रही। यह आयोजन जनजातीय समुदाय के आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।





# न्यूज बॉक्स

## रस्सी से झूलता मिला युवक का शव जांच में जुटी पुलिस

**सिमडेगा।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत कोचेडेगा चुटिया टोली गांव में मंगलवार सुबह उस वक्त सनसनी फैल गई जब गांव के ही एक युवक का शव उसके घर में रस्सी से झूलता हुआ मिला। मृतक की पहचान 24 वर्षीय विपिन सोरेंग के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार, घटना की जानकारी सबसे पहले मृतक के चचेरे भाई को मिली, जो उसकी बुज़ुर्ग मां को खाना देने के लिए घर गया था। जैसे ही वह घर के अंदर पहुंचा, उसने देखा कि विपिन का शव फंदे से लटका हुआ है। उसने तुरंत गांव के मुखिया को इसकी सूचना दी। मुखिया के माध्यम से पुलिस को सूचना दी गई।सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया।फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। प्रारंभिक तौर पर यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

## बानो में भाजपा पदाधिकारियों ने समस्याओं को लेकर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**बानो।** भारतीय जनता पार्टी बानो मंडल व हुरदा मंडल कज पदाधिकारियो ने प्रखंड मे व्याप्त समस्या के समाधान को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी न्इमुद्दीन अंसारी ज्ञापन सौंपा। तथा समस्या के समाधान करने की मांग की।सौंपते हुए मौके पर मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह मंडल अध्यक्ष हुरदा ओमीन सिंह जिला कार्यसमिति सदस्य रूपेश बड़ाईक महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सह बानो प्रभारी सुषमा देवी महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्ष रीना देवी विश्वनाथ बड़ाईक मोहन सिंह महामंत्री बलराम सिंह बिनय साहू महामंत्री रेणु बड़ाईक कल्पना तमगड़िया नरेश देवी पुशो देवी बसंती देवी महामंत्री रुकमणी देवी वरिष्ठ कार्यकर्ता चंद्रपाल सिंह अल्पसंख्यक मोर्चा मंडल अध्यक्ष मो मुमताज अंसारी आदि कार्यकर्ता गण उपस्थित हुए।

## कोलेबिरा में संपन्न हुई 64वीं सुब्रतो कप प्रखंड स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा स्टेडियम परिसर में 64वीं सुब्रतो कप अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता 2025-26 का प्रखंड स्तरीय आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन बीडीओ बिरेंद्र किंडो, प्रखंड प्रमुख दुतामी हेमरोम, कोलेबिरा पंचायत की मुखिया अंजना लकड़ा एवं अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।प्रतियोगिता में अंडर-17 बालक वर्ग में पाँच टीमों ने भाग लिया, जिसमें एसएस +2 उच्च विद्यालय कोलेबिरा ने संत जेवियर्स बरवाडीह को 1-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय लेढ़ाटोली पहले ही फाइनल में पहुंच चुकी थी।बालिका अंडर-17 वर्ग में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कोलेबिरा और राजकीय कन्या उच्च विद्यालय कोलेबिरा फाइनल में पहुंचीं। अंडर-15 बालक वर्ग में आठ टीमों ने भाग लिया, जिसमें आरसी बालक मध्य विद्यालय लचड़ागढ़ ने मध्य विद्यालय बोंगराम को 4-0 से हराकर और राजकीय कन्या उच्च विद्यालय कोलेबिरा ने एसएस +2 उवि कोलेबिरा को टाईब्रेकर में 1-0 से हराकर फाइनल में स्थान बनाया।मंच संचालन लालधन नायक ने किया एवं रेफरी की भूमिका संदीप कुमार, अमन सोनू मिलवार और प्रेम कुमार ने निभाई। खिलाड़ियों के लिए भोजन की समुचित व्यवस्था की गई थी।

## शाहपुर पंचायत के जितिया टोली में ग्रामसभा समिति का पुनर्गठन संपन्न

**कोलेबिरा।** प्रखंड की शाहपुर पंचायत अंतर्गत जितिया टोली गांव में मंगलवार को एक महत्वपूर्ण ग्रामसभा का आयोजन हुआ, जिसमें ग्राम सभा समिति का विधिसम्मत पुनर्गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान क्लेमेंट खड़िया ने की, जिन्हें सर्वसम्मति से ग्राम सभा अध्यक्ष चुना गया।सभा में जलेश्वर साहू को उपाध्यक्ष एवं जबलेन कुल्लू को सचिव नामित किया गया। साथ ही सभी टोलों से कार्यकारिणी सदस्यों का चयन कर समिति को संगठित किया गया।इस अवसर पर जिला ग्राम सभा मंच सिमडेगा के अध्यक्ष समर्पण सुरिन ने बताया कि यह क्षेत्र संविधान की पांचवीं अनुसूची में आता है, जहां पेशा अधिनियम 1996 एवं वन अधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत ग्राम सभा को महत्वपूर्ण अधिकार प्राप्त हैं।उन्होंने पेशा की धारा 4(b), 4(d) व 4(e) और वन अधिकार अधिनियम की धारा 5 का उल्लेख करते हुए ग्राम सभा को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, विकास योजनाओं की स्वीकृति तथा पारंपरिक संस्थाओं को सशक्त करने वाला बताया।सभा में निर्णय लिया गया कि ग्राम सभा संचालन हेतु स्थायी नियमावली का प्रारूप 30 जून को पंचायत भवन में तैयार किया जाएगा।इस कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि सुनील खड़िया, राकेश कोंगाड़ी, अमृत डुंगडुंग, सुखदेव साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## बकरी पालन से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ी हेमवती देवी, बनीं प्रेरणा स्रोत

**पाकरटांड।** प्रखंड के छोटे से गांव सरखुटोली की हेमवती देवी कभी आर्थिक तंगी और सीमित संसाधनों में जीवन व्यतीत कर रही थीं। खेती-बाड़ी ही उनकी आजीविका का मुख्य आधार थी, लेकिन यह पर्याप्त नहीं था।साल 2016 में हेमवती देवी भवती महिला समूह से जुड़ीं। समूह से जुड़ने के बाद उन्हें आरएसईटीआई के माध्यम से बकरी पालन का प्रशिक्षण मिला। प्रशिक्षण के बाद उन्होंने समूह से 20,000 का ऋण लेकर अपने पहले से मौजूद 5 बकरियों के साथ 5 और बकरियां खरीदीं और व्यवसाय की शुरुआत की।उन्होंने बकरियों के टीकाकरण, पोषण और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा। इस कार्य में आजिविका पशु सखी बबीता कुमारी ने नियमित टीकाकरण और डी-वॉर्मिंग में सहयोग किया। परिणामस्वरूप समय के साथ उनकी बकरियों की संख्या बढ़ती गई। वर्तमान में उनके पास 35 वयस्क और 12 छोटी बकरियां हैं।हेमवती देवी अब हर वर्ष 5 से 6 खस्सी बेचकर लगभग 80,000 से 90,000 की वार्षिक आमदनी अर्जित करती हैं। साथ ही खेती से भी अतिरिक्त आमदनी होती है।आज वे अपने गांव की अन्य महिलाओं को भी समूह से जुड़कर बकरी पालन जैसी आजीविका अपनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। हेमवती देवी कहती हैं, समूह ही मेरी ताकत है। वे जेएसएलपीएस का आभार प्रकट करते हुए

## बांसजोर में जेंडर रिसोर्स सेंटर के संचालन हेतु सलाहकार समिति गठित


**सिमडेगा।** बांसजोर प्रखंड में जेंडर रिसोर्स सेंटर के संचालन एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एक सलाहकार समिति का गठन किया गया। इस समिति का उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों के सशक्तिकरण, लैंगिक समानता को बढ़ावा देना एवं हिंसा मुक्त समाज की दिशा में काम करना है।समिति के गठन हेतु एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी बांसजोर ने की। बैठक में जेएसएलपीएस, आईसीडीएस शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस प्रशासन, पंचायती राज प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं स्वयं सहायता समूह प्रतिनिधियों, जिला प्रबंधक सामाजिक विकास और प्रदान संस्था टीम लीडर की भागीदारी रही।बैठक में निर्णय लिया गया कि जेंडर आधारित मुद्दों पर जागरूकता, प्रशिक्षण, सहयोग और त्वरित कार्रवाई के लिए यह समिति नियमित बैठक कर मार्गदर्शन देगी और जीआरसी को ज़मीनी स्तर तक मजबूत करेगी।अंत में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी सदस्यों से सक्रिय सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की और समिति को महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मील का पत्थर बताया।

## कोलेबिरा में गिरती कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**कोलेबिरा।** भारतीय जनता पार्टी मण्डल कोलेबिरा में मण्डल अध्यक्ष अशोक इंदवार के नेतृत्व में जिला में गिरती कानून व्यवस्था, आतंक, भरस्टाचार, सरकारी योजनाओं कि बिफलता के संबध में उपायुक्त जिला सिमडेगा द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी कोलेबिरा को ज्ञापन सौंपा गया मौक़े पर कार्यक्रम के सयोंजक रोहित कुमार साहू सह सयोंजक चिंतामणि कुमार जिला मंत्री दिलेश्वर सिंह मण्डल महामंत्री रुपधर सिंह पूर्व सांसद प्रतिनिधि कृष्णा दास अमरनाथ सिंह सुनील लोहरा रणधीर प्रसाद सिंह गजेंद्र सिंह अशोक ठाकुर लोधा सिंह मनोज सिंह हेमंत सिंह अल्पसंख्यक मोर्चा मण्डल अध्यक्ष कुदूस मियां के साथ काफी संख्या में कार्यकर्त्तागण उपस्थित थें।

## देवघर के लाखों लोगों तक पानी पहुंचाने वालों की खतरे में जिंदगी

# जान हथेली पर रखकर काम करते हैं पंप संचालक



**नवीन मेल संवाददाता। देवघर**

किसी भी जिले के लिए जलापूर्ति सबसे महत्वपूर्ण स्थान रखती है क्योंकि बिना जल के शहर या गांव में रहने वाले लोगों का जीवन मुश्किल हो जाता है. देवघर जिले की बात करें तो प्रति वर्ष यहां पर जल संकट की समस्या देखने को मिलती है. स्थानीय लोग हर वर्ष गर्मी के मौसम में पानी के लिए जद्दोजहद करते दिखाई देते हैं. वहीं बारिश की मौसम में पानी की किल्लत तो कम होती है, मगर लाखों लोगों तक पानी पहुंचाने वाले कर्मचारियों की मुश्किलें शुरू हो जाती हैं. दरअसल देवघर जिले के लोगों के लिए पानी पहुंचाने का काम करने वाले मोटर संचालकों की परेशानी बारिश आते ही बढ़ जाती है. मालूम हो कि शहर की नदियों में लगे मोटर को चालू करने की जिम्मेदारी पैनल रूम में बैठे मोटर संचालकों की होती है. क्योंकि जब तक पैनल रूम में बैठे मोटर संचालक मोटर चालू नहीं करेंगे तब तक नदियों में लगे मोटर चालू नहीं होंगे और लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंचेगा. पैनल रूम में मोटर चालू करने का काम करने वाले बबलू दास बताते हैं कि बारिश का मौसम आते ही पैनल रूम की दीवारों में करंट आने लगता है. क्योंकि पैनल रूम में मोटर चलाने के लिए जो भी मशीन सेटअप की गई हैं, उन मशीनों की हालत खराब हो गई है।

### कर्मचारियों की सुरक्षा के साथ लापरवाही

नावाडीह स्थित पैनल रूम में काम कर रहे हैं सुरेश साह ने बताया कि पहले कर्मचारियों को ग्लब्स, बरसाती, छाता जैसे किट्स दिए जाते थे, जिससे कर्मचारी अपना बचाव कर पाते थे. लेकिन जब से नगर निगम ने पैनल रूम की जिम्मेदारी एक निजी कंपनी के हाथ में दी है तब से पैनल रूम में काम करने वाले कर्मचारियों की सुरक्षा का ख्याल बिल्कुल भी नहीं रखा जाता है. पैनल रूम में काम करने वाले धर्मवीर सिंह बताते हैं कि शुरुआती दौर में पैनल रूम के सभी कर्मचारी नगर निगम की निगरानी में काम करते थे, लेकिन कुछ महीनों से नगर निगम ने सभी कर्मचारियों की जिम्मेदारी स्वाति नाम के निजी कंपनी को दे दी है और जब से निजी कंपनी को पैनल रूम की जिम्मेदारी मिली है, तब से कंपनी के अधिकारी, कर्मचारियों की समस्या को लेकर गंभीर नहीं हैं. जिस कारण कर्मचारियों को बड़ी अनहोनी का खतरा बना रहता है.

# आनंद साईं दरबार का 15वां स्थापना दिवस समारोह आरंभ

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**



राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साईं दरबार का 15 स्थापना दिवस समारोह मंगलवार को भव्य पालकी यात्रा के साथ आरंभ हुआ। 4:00 बजे शुरू हुई पालकी यात्रा में मूसलाधार बारिश के बाद भी हजारों की संख्या में साईं भक्त शामिल हुए और साईनाथ के भजन गाते रहे। आनंद साईं दरबार परिसर से हजारों साई भक्तों के साथ आरंभ हुई पालकी यात्रा की भव्यता देखते ही बन रही थी। पालकी यात्रा आनंद साईं दरबार से आरंभ होकर चट्टी बाजार, लोहार टोला, सुभाष चौक, मेन रोड, थाना चौक होते हुए वापस आनंद साईं दरबार पहुंचकर संपन्न हुई। साईं बाबा की पालकी यात्रा के नगर भ्रमण के क्रम में विभिन्न संगठनों द्वारा पालकी यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। पालकी यात्रा के गुरूद्वारा साहिब के निकट पहुंचने पर गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से साईं भक्तों का स्वागत किया गया। पालकी यात्रा में साईं बाबा वेष धारण किये विमल शर्मा लोगों के बीच आकर्षण कर रहे केंद्र साईं बाबा की पालकी यात्रा के क्रम में पूर्व विधायक यमुना शर्मा के पुत्र विमल शर्मा साईं बाबा का वेष धारण कर साथ चल रहे थे। अपने इस वेष में वे साईं भक्तों के बीच आकर्षण का केंद्र बने रहे।

## न्यूज बॉक्स

### लोदना मोड़ पर बस की स्टेपनी बदलते समय कंडक्टर की मौत, हंगामा



**धनबाद।** झरिया थाना क्षेत्र के लोदना मोड़ पर मंगलवार को अरमान बस के कंडक्टर दिनेश पंडित की मौत हो गई .घटना उस समय घटी जब वह बस की स्टेपनी (टायर) बदल रहा था. इसी दौरान टायर गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई. कंडक्टर गिरिडीह का रहने वाला था. घटना के बाद वहां लोगों की भीड़ जुट गई. आक्रोशित भीड़ ने पुलिस को शव उठाने से रोक दिया. लोगें ने बस मालिक और प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया. घटना की सूचना मिलते ही झरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास कर रही है.समाचार लिखे जाने तक मौके पर तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई थी.

### भाकपा माले में शामिल हुए कार्यकर्ता और आरटीआई एक्टिविस्ट



**पिठौरिया।** जनहित के मुद्दों पर लगातार संघर्षरत कार्यकर्ताओं और आरटीआई एक्टिविस्टों की एक बड़ी संख्या मंगलवार को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन भाकपा माले में शामिल हो गये । ये सभी कार्यकर्ता झारखंड की राजधानी रांची के कांके विधानसभा क्षेत्र से ताल्लुक रखते हैं, जो वर्षों से शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, जल-जंगल-जमीन जैसे मुद्दों को लेकर आवाज़ उठाते रहे हैं। इस सामूहिक राजनीतिक सहभागिता की औपचारिक घोषणा आज रांची स्थित ऐतिहासिक पुराने विधानसभा हॉल में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान की गई। कार्यक्रम में भाकपा माले के सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो एवं बगोदर के पूर्व विधायक ने नए साथियों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी की जनपक्षधर विचारधारा और जमीनी संघर्ष को इससे नई ऊर्जा मिलेगी। माले के राज्य सचिव मनोज भक्त, सेंट्रल कमिटी सदस्य गीता मंडल, पांकी जिला परिषद खुशबू दांगी, जयंती चौधरी की उत्साहजनक उपस्थिति में सैकडों साथी ने भाकपा माले का दामन थामा। कांके प्रखंड के नौजवान नेता सरफराज अंसारी ने कहा कि उन्होंने वर्षों से पारदर्शिता और जवाबदेही भ्रष्टाचार की लड़ाई लड़ी है, लेकिन अब समय आ गया है।

### भाजपा का आक्रोश प्रदर्शन राज्यपाल के नाम बीडीओ को ज्ञापन

**बरही।** राज्य में गिरते कानून व्यवस्था, बढ़ते गुंडागर्दी व भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा ने आक्रोश मार्च के साथ प्रखंड मुख्यालय के मुख्यद्वार के पास एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया. जिसकी अगुवाई पूर्वी व पश्चिमी मंडल के अध्यक्ष क्रमशः विजय कुमार यादव व भगवान केशरी ने किया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र रजक, जिप उपाध्यक्ष किसुन यादव, जिप सदस्या प्रीति गुप्ता, मुखिया मोतीलाल चौधरी, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता आदि भाजपा नेता शामिल हुए. अपने संबोधन में जिप उपाध्यक्ष ने राज्य सरकार को प्रत्येक मोर्चे पर विफल बताते हुए हेमंत सरकार की जमकर खिंचाई किया. उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में गुंडाराज, लूट, हत्याएं, दुष्कर्म आदि घटनाएं बढ़ी है. प्रखंड सह अंचल या थाना अथवा सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार व घूसखोरी चरम पर है. भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने भी राज्य को वर्तमान सरकार के कार्य प्रणाली पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि सरकारी योजना हो या दाखिल खारिज अथवा लगान निर्धारण या सरकारी कोई भी कार्य सभी के लिए चढ़ावा राशि तय किए जा चुके है. प्रखंड हो या पंचायत दलालों का बोलबाला है. जनता अपने छोटे कार्य करवाने के लिए घूस देकर भी सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाते फिर रही है. स्वास्थ्य महकमा पूरी तरह फेल है, मरीजों को सरकारी पुर्जे पर निजी क्लीनिक भेजा जा रहा है. पूरे राज्य में

### झारखंड चैंबर का प्रतिनिधिमंडल वियतनाम दौरे के लिए रवाना

**रांची।** झारखंड और वियतनाम के बीच औद्योगिक व व्यापारिक सहयोग को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से झारखंड चैंबर की ओर से सात दिवसीय बिजनेस टूर मंगलवार को शुरू हुआ। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी की अगुवाई वाले 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को सुबह 10.30 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से रवाना हुआ। चैंबर के पूर्व अध्यक्ष आरके सरावगी, विनय अग्रवाल और कुणाल अजमानी ने संयुक्त रूप से प्रतिनिधिमंडल को फ्लैग ऑफ कर रवाना किया। उन्होंने कहा कि फेडरेशन का यह प्रयास झारखंड व वियतनाम के बीच औद्योगिक एवं व्यापारिक संबंधों को प्रगाढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। चैंबर ने बताया कि एयरपोर्ट निदेशक आरआर मौर्या ने भी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। इस दौरान उनका उत्साह बढ़ाया और इस दौरे को राज्य के विकास के लिए सहायक बताया। बता दें कि इस सात दिवसीय 24 से 30 जून के दौरे में झारखंड चैंबर भारतीय दूतावास के अलावा इंडियन बिजनेस चैंबर इन वियतनाम, वियतनाम एसोसियेशन ऑफ फॉरेन इंवेस्टेड इंटरप्राइजेज, वियतनाम चैंबर ऑफ कॉमर्स समेत कई स्थानीय कंपनी के उच्चाधिकारियों के साथ बैठकें प्रस्तावित हैं।

## तिलैया डैम से अज्ञात महिला का शव बरामद

# पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया शव



**बरही ।** जवाहर घाट स्थित तिलैया डैम से अज्ञात महिला का शव बरामद किया गया है. ग्रामीणों की सूचना के आधार पर पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. शव की पहचान नही किया जा सका है. पुलिस ने जहां पहचान के लिए शीत गृह में रखा जायेगा. ग्रामीणों के अनुसार महिला को उम्र 35 से 50 वर्ष के बीच बताया गया है. मौके पर पहुंचे भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने पुलिस से हर संभव शव का पहचान कर परिजनों को सूचित करने की मांग किया है.

# बाल संरक्षण के विभिन्न मुद्दों पर एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**गिरिडीह।** उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देशानुसार समाहरणालय सभागार में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान के तहत बाल सुरक्षा तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए किशोर न्याय ( बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के तहत बाल संरक्षण के विभिन्न मुद्दों (बाल विवाह, बाल व्यापार, बाल मजदूरी, पीओसीएसओ् एवं (इंडिविडल ग्रुप फोस्टर केयर आफटर केयर) पर गिरिडीह और डुमरी अनुमंडल के सभी पंचायत सचिवों के साथ एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बाल व्यापार के खतरे, इसके कारणों, और पीड़ितों की सुरक्षा के उपायों, बाल मजदूरी के खिलाफ कानूनी प्रावधानों, बाल श्रमिकों की सुरक्षा, और पुनर्वास के तरीकों, यौन शोषण से बच्चों को बचाने के लिए कानूनी प्रावधानों, बाल-अनुकूल प्रक्रियाओं, और बाल संरक्षण में अधिकारियों की भूमिका पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक बुराई और कानूनी अपराध है।

## भाजपा ने राज्य में फैली व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ किया आक्रोश प्रदर्शन

# झारखंड में भ्रष्टाचार चरम पर है : यदुनंदन पाठक

**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय,गिरिडीह**



- **झारखंड में वृद्ध पैशन को नियमित भुगतान होना चाहिए सरकर के आदेश के बावजूद भी गैर मजूराव जमीन का रशीद निर्गत न होना सरकार की नाकामी को दर्शाता है**

हेमंत सरकार में व्याप्त भ्रष्टाचार, ध्वस्त कानून व्यवस्था, लचर बिजली पानी की व्यवस्था,अवैध बालू पत्थर कोयला की लूट और बेरोजगारी के विरोध में मंगलवार को गांडेय प्रखंड परिसर में आक्रोश प्रदर्शन किया। यह आक्रोश प्रदर्शन रैली गांडेय बाजार से पैदल यात्रा कर प्रखंड परिसर पहुंचे जहां पर सभा किया गया जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रकाश यादव ने किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुआ पूर्व जिला अध्यक्ष यदुनंदन पाठक ने कहा कि केंद्र में 11 वर्षों की मोदी की सुशासन की सरकार है और राज्य में हेमंत सोरेन की लूट की सरकार है। उन्होंने कहा हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है । उन्होंने कहा कि बिना रिश्वत के कोई भी गरीब व्यक्ति का काम नहीं होता है । हेमंत सोरेन की सरकार सिर्फ घोषणा करती है। शिकारी आयेगा जाल बिछाएगा लालच में उसमें फसना नहीं वादा किया 200 यूनिट बिजली फ्री देंगे लेकिन दिया क्या प्रखंड क्षेत्र थोड़ा सा भी बारिश हुआ तो तीन तीन दिन बिजली गुल रहती है। झारखंड में वृद्ध पैशन को नियमित भुगतान होना चाहिए सरकर के आदेश के बावजूद भी गैर मजूराव जमीन का रशीद निर्गत न होना सरकार की नाकामी को दर्शाता है। हर मोर्चा में फेल है हेमंत सरकार कहा कि गांडेय अंचल में कर्मचारियों का सेव जॉन बना गया है। मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री दिलीप वर्मा,ने कहा कि प्रदेश से लेकर जिला व प्रखंड तक भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है ।गांडेय प्रखंड के अधिकतर लोग कृषि कार्य पर निर्भर रहती हे । लेकिन यहां की सरकार ने किसानों के लिए अभी तक कुछ नहीं किया कहा कि केंद्र सरकार द्वारा महत्वाकांक्षी योजना नल जल योजना को भ्रष्टाचारियों को भेट चढ़ा दिया।

# एनएच 39 पर मुरगू पुल का हुआ ससमय व गुणवत्तापूर्ण निर्माण




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

एनएच 39 पर रांची के पास मुरगू नदी पर पुल बना है और इसका निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा किया गया है। पिछले कुछ वर्षों से इस पुल का निर्माण कार्य चल रहा था और अभी यह ससमय एनएचआई की जीएम एकता कुमारी की कुशल देखरेख में पूरा हो गया है। वहीं इस पुल की गुणवत्ता भी अच्छी बताई जा रही है। दूसरी ओर रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का निर्माण अपने अंतिम चरण में है जहां मार्गदर्शन बोर्ड में हुई कुछ त्रुटियों पर राष्ट्रीय नवीन मेल ने सवाल उठाए थे, उन सभी त्रुटियों को एनएचआई की जीएम ने ठीक करा दिया है।

## रांची विवि की छात्रा ने राज्यपाल को लिखा पत्र, कहा

# रांची विवि के पूर्व कुलपति के कार्यकाल की हो जांच



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय की छात्रा वसुंधरा कुमारी ने राज्यपाल को पत्र लिख कर मांग की है कि रांची विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा के कार्यकाल की जांच की जाए। डॉ अजीत कुमार सिन्हा कुलपति रहते हुए अपनी मर्जी से ऐसे ऐसे काम किए हैं जो एक भ्रष्टाचार साबित करता है। पत्र में लिखा है कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने जेम पोर्टल के माध्यम से डिजिटल बोर्ड की खरीद अधिक दामों पर की है। रांची विश्वविद्यालय के 32 स्नातकोत्तर विभागों सहित विभिन्न संबद्ध कॉलेजों में इन डिजिटल बोर्ड्स को लगाया गया है। प्रत्येक विभाग में एक या दो और कॉलेजों में चार-पांच की संख्या में ये बोर्ड्स लगाए गए हैं। इन उपकरणों के साथ-साथ ऑटोमेटिक स्टेबलाइजर भी खरीदे गए हैं, जिनकी संख्या 100 से अधिक बताई जा रही है। लेकिन इन सभी की खरीद में निर्धारित बाजार मूल्य से डबल राशि खर्च की गई है। वोकेशनल अकाउंट की जांच हो 3 साल की इस में सेल्फ फाइनेंस की पढ़ाई की राशि रहती है । विश्वविद्यालय प्रशासन की गाड़ी खरीद बिक्री की जांच हो। मौलाना आजाद सीनेट भवन की मरम्मत की जांच हो।

## हरिकनक ग्रेटर का तीसरा स्थापना दिवस मनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

लायंस क्लब ऑफ रांची हरिकनक ग्रेटर ने अपना तीसरा स्थापना दिवस एवं शपथग्रहण समारोह मनाया गया। साथ ही हरिकनक ग्रेटर ने क्लब का विस्तार करते हुए एक नए क्लब लायंस क्लब ऑफ रांची दृष्टि की भी स्थापना कर एक नए टीम को भी शपथ दिलवाई। मौके पर मुख्यअतिथि के रूप मे लायंस जिला 322 एके जिलापाल, लायन सीमा बाजपेई की उपस्थित रही। वहीं आगामी सत्र के कार्यकारिणी सदस्यों को पद एंव दायित्वों की शपथ पूर्व जिलापाल लायन सिद्धार्थ मजुमदार के द्वारा दिलाई गई। लायंस क्लब ऑफ रांची हरिकनक ग्रेटर के आगामी सत्र के लिए लायन अमित कुमार मिश्रा को अध्यक्ष, लायन डॉक्टर राजेन्द्र हाजरा को निदेशक, लायन प्रेमशंकर मिश्रा को प्रशासक तथा अन्य सदस्यों को भी विभिन्न पदों के लिए शपथ दिलाई गई।


## कार्यालय, जिला परिषद, राँची (अभियंत्रण शाखा)

### अति अल्पकालीन आमंत्रण सूचना संख्या –04 / 2025–2026

1. विज्ञापनदाता का नाम :– जिला अभियंता जिला परिषद राँची
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– सहायक अभियंता, जिला परिषद राँची ।जिला अभियंता, जिला परिषद कार्यालय, राँची
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक 04.07.2025 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 05.07.2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 05.07.2025 को अपराह्न 3:30 बजे।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद, कार्यालय, राँची।
8. कार्य का विस्तृत विवरणी :–

| क्र०सं० | प्रखण्ड / शहरी क्षेत्र | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | भाहरी क्षेत्र | भाहरी क्षेत्र अंतर्गत इरगु टोली, मधुकम में सृजन हेल्प विद्यालय में 02 अतिरिक्त वर्ग कक्ष का निर्माण एवं भौचालय निर्माण कार्य। | 24,98,500.00 | 50,000.00 | 5000.00 | तीन माह |
| 02 | नगड़ी | नगड़ी प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत साहेर, ग्राम हरही में गंगाधारा तालाब पर छठ घाट का निर्माण कार्य। | 17,79,500.00 | 36,000.00 | 5000.00 | तीन माह |

नोटः 1. निविदा की अन्य शर्तें जिला परिषद, कार्यालय, राँची के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में **जिला परिषद, राँची** अन्तर्गत निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक भाग लेंगे।

जिला अभियंता
जिला परिषद राँची।

PR.NO.355863 Panchayati Raj(25-26):D


## चुनाव

### युवा कांग्रेस ने संगठनात्मक चुनाव को लेकर किया प्रेस कॉन्फ्रेंस

# युवा प्रदेश से लेकर युवा प्रखंड कमेटी का होगा ऑनलाइन चुनाव

- **नामांकन पत्र दाखिल किया जाएगा उसके बाद एक माह सदस्यता अभियान वोट चलेगा**

**नवीन मेल संवाददाता**



**डुमरी।** प्रखंड से लेकर प्रदेश कमिटी तक युवा कांग्रेस के लिए होने वाले संगठनात्मक चुनाव हेतु पार्टी द्वारा विभिन्न पदों में चुनाव लड़ने वाले सक्रिय कार्यकर्ताओं के लिए निर्धारित अहर्ताओं से संबंधित जानकारी देने के लिए मंगलवार को डुमरी में युवा कांग्रेस प्रखंड कमिटी द्वारा एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित युवा कांग्रेस जिला कॉर्डिनेटर सुमित लोहनी ने बताया कि संगठन सृजन अभियान के तहत् युवा कांग्रेस में नेता बनो, नेता चुनो अभियान को तहत युवा कांग्रेस में प्रखंड,विधानसभा अध्यक्ष,जिलाध्यक्ष,प्रदेश अध्यक्ष का चयन ऑनलाइन होना है जिसके लिए उम्र सीमा 18 से 35 वर्ष तय की गई है।बताया कि अभियान के तहत युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता ग्राम से पंचायत तक घर घर तक पहुंचने का काम करेंगे। 27 जून से 3 जुलाई तक सभी पद पर नामांकन पत्र दाखिल किया जाएगा उसके बाद एक माह सदस्यता अभियान वोट चलेगा।गिनती अगस्त में होगा।इसके पूर्व जिला समन्वयक का स्वागत फूल माला पहनाकर एवं बुके देकर किया गया। इस दौरान कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नागेश्वर मंडल युवा कांग्रेस के जिला महासचिव गुड्डु मलिक विधानसभा अध्यक्ष गंगाधर महतो युवा कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष कपिल ठाकुर प्रखंड सचिव युसूफ अंसारी प्रखंड उपाध्यक्ष सनाउल्लाह अंसारी विधानसभा सचिव घनश्याम सिंह इकबाल अंसारी,छोटू शर्मा,दीपक जैन,महेन्द्र साव, भुनेश्वर रविदास आदि उपस्थित थे।

